eo- 512333/2018/CF

# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान

(हिंदी अनुभाग)

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29.

फा.सं.7-1/2018-हिं.अ. दिनांक: 16-11-2018

**विषय: अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषितकर्ता अनुभागों/केन्द्रों द्वारा हिंदी पत्राचार में वृद्धि करने संबंधी।**

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार संस्थान में सरकारी कामकाज में हिंदी पत्राचार 100% होना चाहिए परन्तु 30 जून, 2018 को समाप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट में संस्थान का पत्राचार लगभग 58% ही है जोकि राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित 100% लक्ष्य से बहुत कम है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 22.10.2018 को आयोजित हुई बैठक में संस्थान की दिनांक 30 जून, 2018 को समाप्त अवधि की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत समीक्षा के उपरांत कार्यवृत्त की मद सं. 04 के अनुसार यह निर्णय लिया गया कि **"तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषितकर्ता अनुभागों/केन्द्रों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट में दर्शाए गए हिंदी पत्राचार आदि संबंधी आँकड़ों में और वृद्धि की जाए।"**

अत: अनुरोध है कि संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा लिए गए उक्त निर्णय के अनुपालन में तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषितकर्ता सभी अनुभागों/केंद्रों द्वारा उपर्युक्तानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि संस्थान में हिंदी पत्राचार की प्रतिशतता में वृद्धि हो सके।

इसे आवश्यक अनुपालन हेतु जारी किया जाता है।

धीरेन्द्र

(धीरेन्द्र वर्मा) 16.11.18

उप-सचिव एवं राजभाषा अधिकारी

**वितरण**:- तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषितकर्ता सभी अनुभाग/केंद्र।

**प्रतिलिपि:**

- निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक)/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
- उप-निदेशक(प्रशासन)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
- उप-सचिव एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
- मुख्य प्रशासन अधिकारी/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
- उप-निदेशक (कंप्यूटर सुविधा) - कृपया इसे एम्स की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।

प्राप्त किया / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
16 NOV 2018
समय / Time 4:20
अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली / A.I.I.M.S., New Delhi-29

Mr. Pawan
for n/a please.